प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 37 प्रस्ताव पारित : महिलाओं को 1 करोड़ रुपए तक की रजिस्ट्री पर स्टांप ड्यूटी में मिलेगी छूट, सभी राजकीय पॉलटेक्निक बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस।
2. केंद्रीय गृह मंत्रालय से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के त्यागपत्र की अधिसूचना जारी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।
3. मुख्यमंत्री आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में हुए शामिल : कहा– विकसित भारत बनाने म होगी राज्यों की अहम भूमिका।
4. और कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित ढाबा और रेस्त्रां पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता का आदेश रहेगा लागू : सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बारे में जानकारी देते हुए कैबिनट मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने महिलाओं

के नाम पर 1 करोड़ रुपए तक की रजिस्ट्री में स्टांप ड्यूटी में छूट देने का फैसला किया है। बाइट...

*भारत सरकार ने भी चुँकि ऐसा फैसला किया है और सभी प्रदेश की सरकारोंसे भारत सरकार ने ये अपेक्षा की है कि इस फैसले का सब लोग अनुसरण करें। उसी क्रम में ये आज का विषय आज मंत्रिमंडल के सामने स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग लेकर आया है। वो सिर्फ दस लाख तक के था अब उसको हम एक करोड़ का टाइप करना है। हाँ एक करोड़ तक की प्रॉपर्टी अब लेंगे तब भी उनको ये छूट का इसका लाभ उनको मिलेगा।*

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र 11 अगस्त से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड और पूर्वांचल के किसानों के लिए यूपी एग्रीज योजना के तहत जेवर में एक प्रसंस्करण हब की स्थापना की जाएगी। प्राविधिक मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि प्रदेश के सभी 121 राजकीय पॉलटेक्निक के उच्चीकरण और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने के लिए टाटा टेक्नॉलॉजी के साथ समझौते को स्वीकृति दी गई है।

चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी दिए जाने के साथ लखनऊ नोड में डीआरडीओ को लीज पर जमीन दिए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। साथ ही उन कर्मचारियों को जिनका भर्ती विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पूर्व निर्गत हुआ था, उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

————————

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पद से त्यागपत्र की अधिसूचना को आज जारी कर दिया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए त्यागपत्र दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा करने के कई अवसर मिले।

उपराष्ट्रपति के इस्तीफे पर केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। बाइट.....

*माननीय उपराष्ट्रपति जी का इस्तीफा एक तरीके से हम सभी के लिए चाहे हमारीसरकार हो या विपक्ष के साथी हो सभी के लिए शॉकिंग है सरप्राइजिंग है किसी को भी जानकारी नहीं थी अचानक ही सबको ऐसी जानकारी मिली क्योंकि कल संसद के पहले दिन भी राज्यसभा का पूरा संचालन उन्होंने कार्यवाही का किया तो ऐसे में अप्रत्याशित है लेकिन साथ में उन्होंने जो कारण दिया है वो सही भी प्रतीत होता है क्योंकि पिछले कई बार ऐसी घटनाएं हुई जब हमने देखा कि उनके स्वास्थ्य की समस्या हुई तो मुझे ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य के चलते ही उन्होंने ये कदम उठाया है और मैं इतना ही कहूँगी कि उन्हें शुभकामनाएं है वो स्वस्थ हो।*

इससे पहले सुबह सदन की कार्यवाही के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उपराष्ट्रपति कार्यालय में रिक्ति से जुड़ी आगे की संवैधानिक प्रक्रिया के बारे में जानकारो मिलने पर बताया जाएगा।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकसित कृषि विकसित उत्तर प्रदेश–2047 विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। श्री योगी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों को अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तय किया है कि भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनेगा। इसके मद्देनजर प्रदेश सरकार ने भी तय किया है कि 2029 में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाना है। बाइट.....

*देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों के सामने जो लक्ष्य तय किया है वह लक्ष्य दो हज़ार सैंतालीस में एक विकसित भारत का है। स्वाभाविक रूप से विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में राज्यों को भी अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। राज्यों की उस भूमिका के लिए हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है। विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए हमें उन सभी क्षेत्रों में अपनी उन संभावनाओं को तलाशना है। हमने तय किया है कि दो हज़ार उनतीस में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाएंगे।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित ढाबा और रेस्त्रां पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता का आदेश लागू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार कर दिया है। प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित खान–पान की दुकानों, ढाबों और रेस्त्रां पर मालिकों के नाम बताने वाले क्यूआर कोड को अनिवार्य किया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इस मामले में आज हुयी सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति एम.एम. सुन्दरेश और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की बेंच ने सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार किया है।

————————

प्रदेश में कांवड़ यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। कई जिलों में आज प्रशासन की तरफ से कांवड़ियों के ऊपर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा की गई। अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं और सिद्ध पीठ

नागेश्वर नाथ पर जलाभिषेक करने पहुंच रहे शिव भक्तों पर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने श्रद्धालुओं और कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। वहीं कल मासिक शिवरात्रि को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बुलंदशहर में जिलाधिकारी श्रुति और एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अम्बकेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण किया। वाराणसी में भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*भगवान शिव की नगरी काशी सावन महीने में गुलजार रहती है आज श्रावण मास की द्वादशी है और भगवान शिव को समर्पित मासिक शिवरात्रि कल 23 जुलाई को मनाई जाएगी। सावन महीने में इसका विशेष महत्व बढ़ जाता है बाबा विश्वनाथ के दरबार में मासिक शिवरात्रि को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास सभी श्रद्धालुओं का सुव्यवस्थित एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित कराने हेतु सभी संभव एवं आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर सुनिश्चित कर रहा है।मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी*

————————

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने आज कानपुर नगर में कानपुर मंडल के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा

कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार देश के दिव्यांगजनों के हित में लगातार कार्य कर रही हैं। बाइट....

*देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का ड्रीम है कि देश के दिव्यांगजनों को सशक्त करके सामान्य जीवन जीने का अवसर देना चाहिए। इसलिए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय योगी जी हमेशा दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुख सुविधाओं और आवश्यकताओं के लिए हम सबको निर्देशित करते रहते हैं। आज कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक करके हमने केन्द्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की है।*

————————

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एशिया पेसेफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट जनरल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष गौरव द्विवेदी ने कहा कि प्रसार भारती भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए समाचार कक्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित समाधानों का परीक्षण कर रहा है। श्री द्विवेदी ने यह बात कंबोडिया के सिएम रीप में 20वें एशियाई मीडिया सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से विकास समाचार और प्रसारण उद्योग को नया आकार दे रहा है।

(समाप्त)